Helpline 1064

94135-02834

कार्यालय महानिदेशक भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो

(जनसम्पर्क प्रकोष्ठ)

प्रेस नोट

- **प्रतापगढ़ में समग्र शिक्षा अभियान का कनिष्ठ अभियंता 1 लाख 30 हजार रुपये रिश्वत लेते रंगे हाथों पकड़ा**
- **आवास एवं अन्य ठिकानों की तलाशी जारी**

जयपुर, *23 जनवरी, मंगलवार।* ए.सी.बी. मुख्यालय के निर्देश पर चित्तौडगढ़ इकाई द्वारा आज कार्यवाही करते हुये आशुतोष सुथार कनिष्ठ अभियंता, समग्र शिक्षा अभियान ब्लॉक अरनोद, प्रतापगढ़ को परिवादी से **1 लाख 30 हजार रुपये** रिश्वत राशि लेते रंगे हाथों पकड़ा है।

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के अतिरिक्त महानिदेशक श्री हेमन्त प्रियदर्शी (कार्यवाहक महानिदेशक) ने बताया कि ए.सी.बी. की चित्तौड़गढ़ इकाई को परिवादी द्वारा शिकायत दी गई कि समग्र शिक्षा अभियान ब्लॉक अरनोद में विद्यालय में लेबोरेट्री निर्माण कार्य के **कुल 82 लाख रुपये के** फाइनल बिल पास करने की एवज में आशुतोष सुथार कनिष्ठ अभियंता, समग्र शिक्षा अभियान ब्लॉक अरनोद, प्रतापगढ़ द्वारा **1 लाख 80 हजार रुपये** रिश्वत राशि मांग कर परेशान किया जा रहा है।

जिस पर एसीबी, उदयपुर के **उप महानिरीक्षक पुलिस श्री राजेन्द्र प्रसाद गोयल** के सुपरवीजन में एसीबी चित्तौड़गढ़ इकाई के **अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री कैलाश सांदू** के नेतृत्व में शिकायत का सत्यापन किया जाकर आज उनके द्वारा मय टीम के ट्रेप कार्यवाही करते हुये आशुतोष सुथार पुत्र श्री रमेश चंद सुथार निवासी ग्राम पोस्ट बारावरदां, तहसील एवं जिला प्रतापगढ़ हाल कनिष्ठ अभियंता, समग्र शिक्षा अभियान ब्लॉक अरनोद, प्रतापगढ़ को परिवादी से **1 लाख 30 हजार रुपये** रिश्वत राशि लेते रंगे हाथों पकड़ा है। उल्लेखनीय है कि आरोपी कनिष्ठ अभियंता द्वारा शिकायत के सत्यापन के दौरान भी परिवादी से 50 हजार रुपये रिश्वत के रूप में वसूल कर लिये थे।

एसीबी के उप महानिरीक्षक पुलिस श्री राजेन्द्र प्रसाद गोयल के निर्देशन में आरोपी से पूछताछ जारी है। एसीबी द्वारा मामले में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के अन्तर्गत प्रकरण दर्ज कर अग्रिम अनुसंधान किया जायेगा।

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के अतिरिक्त महानिदेशक श्री हेमन्त प्रियदर्शी (कार्यवाहक महानिदेशक) ने समस्त प्रदेशवासियों से अपील की है कि भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की ***टोल–फ्री हैल्पलाईन नं.* 1064** *एवं* ***Whatsapp हैल्पलाईन नं.* 94135–02834** पर 24X7 सम्पर्क कर भ्रष्टाचार के विरूद्ध अभियान में अपना महत्वपूर्ण योगदान दें। **एसीबी आपके वैध कार्य को करवाने में पूरी मदद करेगी।**